# Special Need Education Home

Center for Learning & Empowerment of PwIDDs

A unit of Nagda Zenith Social Welfare Society

## XI ANNUAL REPORT
## 2019-2020










**Registered Office**

3/10, Adarsh Gandhi Gram Colony Nagda MP

**Project Office**

Suraj "SNEH" Bhavan, Shriram Colony, Nagda Dist. Ujjain MP 456335

www.snehnagda.org ☎ +91-07366-241565 snehnagda@gmail.com

snehnagda snehnagda

# CONTENTS


| Particulars | Page No. |
|---|---|
| EXECUTIVE SUMMARY | 02 – 04 |
| AWARDS & RECOGNITION | 05 – 07 |
| VISION & MISSION | 08 |
| TEAM BEHIND THE DREAM | 09 |
| SNEH AT A GLANCE | 10 |
| SERVING with SNEH | 11 |
| BLESSED TO SERVE | 12 |
| ACCESSIBLE ELECTION CAMPAIGN | 13 |
| SENSITIZATION, AWARENESS & TRAINING PROGRAMME | 14 |
| KEY PROGRAMMES | 15 |
| KNOWLEDGE SHARING | 16 – 17 |
| FESTIVAL & DAY CELEBRATION | 18 |
| EXHIBITIONS & PRODUCT PROMOTION MADE BY PwIDD's | 19 |
| SWAVLAMBAN THROUGH NHFDC | 20 |
| SPECIAL SCHOOL cum VOCATIONAL & REHABILITATION CENTER | 21 |
| EARLY INTERVENTION & DAY CARE PROGRAMME | 22 |
| MONTH WISE ACTIVITIES | 23 – 42 |
| EYE OF MEDIA | 43 – 44 |



# संस्थापक की कलम से.....

स्नेह की 11 वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है | 11 वर्षों का स्नेह का सफ़र खट्टे मीठे अनुभवों से परिपूर्ण रहा | छोटे से शहर में बड़े इरादों के साथ इस प्रकल्प को शुरुआत और फिर ईश्वर की असीम कृपा तथा समाज के हर वर्ग के सहयोग ने स्नेह को एक अलग पहचान दी |

मुझे गर्व है की हम एक ऐसी टीम को तैयार कर पाने में सफल हुए जो बौद्दिक दिव्यांग बच्चों के लिए निःस्वार्थ भाव से समर्पण के साथ कार्य कर सके | वर्ष 2019-20 में हमने अनेक गतिविधियों को अंजाम दिया है | स्नेह एक रिसोर्स सेंटर के रूप में अपनी पहचान बनाए इस हेतु इस वर्ष अनेक प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के सेमीनार एवं वर्कशाप का आयोजन हमने सफलता पूर्वक किया | सेल्फ एडवोकेसी फोरम ऑफ़ इंडिया (साफी) के वार्षिक अधिवेशन की मेजबानी भी उसी कड़ी का एक हिस्सा बनी, जिसने देश भर से आए प्रतिभागियों के बीच स्नेह ने अपनी अलग छवि अंकित की |

स्नेह का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष दर वर्ष अपने ही स्थापित मापदंडों को तोड़ते हुए दिव्यांगों की सेवा में नए आयाम स्थापित करता रहे , इसी उम्मीद को लेकर जब 3 दिसम्बर 2019 को माननीय उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू के हाथों विज्ञान भवन नई दिल्ली में स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन दिव्यांगों हेतु कार्य करने वाली सर्वश्रेठ संस्थान का राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण कर रही थी, तो जंहा सीना स्नेह की टीम के कार्यो के प्रति गर्व से चौड़ा हो रहा था तो, शीश उन सभी के प्रति कृतज्ञता से झुका था, जिन्होंने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से स्नेह को इस मुकाम तक पहुँचाने में अपना योगदान दिया था |

अंत में समाज के हर वर्ग जिसमे सामाजिक, व्यापारिक, धार्मिक, राजनैतिक, ओद्यौगिक, प्रशासनिक, मीडिया के साथ साथ दिव्यांगता के चारो स्तंभ (Four Ps) पर्सन विथ डिसएबिलिटी, पेरेंट्स, प्रोफेशनल्स एवम् पब्लिक सभी के सहयोग ने स्नेह को देश की सर्वश्रेष्ठ संस्थान के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने का जो गौरव दिलवाया है उसके लिए आप सभी का समूर्ण स्नेह परिवार की और से अंतर्मन की गहराइयों से आभार....

पंकज मारू
अध्यक्ष एवं संचालक

# MESSAGE FROM THE DIRECTOR



I am very happy to present the XI annual report of the SNEH. It's my privilege that I am associated with SNEH from its inception when we were too small. But at that time also our vision was very clear to make it a world class organization and I am always of the firm belief that committing starts from one only. On 3rd December 2019 when I was receiving the National Award from Hon. Vice President of India for the best organization of the country providing holistic services to the persons with disabilities, it has been proven that the location, infrastructure and all other parameters are less important then your intention. While talking to hon. President of India Shri. Ramnath Kovind Ji at Rashtrapati Bhavan. I conveyed the same to him.

SNEH is not just an organization, it is a feeling, Feeling which encourage all of us to do our level best for those who are most vulnerable, most neglected and who cannot advocate for themselves.

At last I would like to conclude with our future plans and upcoming goals. Creating the employment opportunities for Persons with Intellectual disabilities is the need of the time and at SNEH we are going to construct the state of art Vocational Training Center soon. The another issue faced by the sector is the lack of human resources and specifically in the rural area like ours. We are also going to start a training center to create the quality rehab professionals.

Dr. Naina Christian
Director



# संपादक की मेज से.....

मैं स्नेह के सभी प्रबंधकारिणी के पदाधिकारी / सदस्यों, दानदाताओं, दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण में निःस्वार्थ भाव से समर्पण के साथ कार्य कर रहे सभी साथियों, अभिभावकों एवं दिव्यांगजनों का स्नेह की 11 वीं वार्षिक रिपोर्ट 2019 – 20 के इस संपादकीय सफ़र में आप सभी का अभिवादन....

स्नेह का यह सफ़र 11 वर्ष पूर्व संस्थापक श्री पंकज जी मारू द्वारा 8 विशेष बच्चों और 2 सहयोगियों के साथ 2 कमरों के भवन में 10 जुलाई 2009 को शुरू हुआ | एक छोटे से कस्बे के दिव्यांगजनों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने के संकल्प के साथ संस्थापक श्री पंकज जी मारू के मार्गदर्शन एवं स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन जी के निर्देशन में 10 व्यक्तियों का यह परिवार 152 विशेष बच्चों और 35 प्रशिक्षकों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर लाखो दिव्यांगजनों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लाभन्वित कर रहा हैं |

वर्ष 2019-20 के अंत एवं वैश्विक महामारी काल के दौरान स्नेह की टीम ने राष्ट्रीय न्यास की निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत हंस फाउंडेशन के सहयोग से 85492 बौद्धिक एवं बहुदिव्यांगजनों का स्वास्थ्य बीमा कर उन्हें वर्ष 2020-21 के लिए एक लाख रूपये का सुरक्षा कवच प्रदान किया | संस्था द्वारा वर्ष 2019-20 में तीन राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला व अधिवेशनों का आयोजन कर पुनर्वास कार्यकर्ताओं, विशेष बच्चों एवं उनके अभिभावकों को लाभन्वित किया गया | केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग भारत सरकार की एडीप एवं  व्योश्री योजना के तहत दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने में भी महती भूमिका अदा की |

नव वर्ष 2020 में उज्जैन के जिलाधीश श्री शशांक मिश्र की पहल पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना एवं दिव्यांगजन विवाह योजना के तहत जिला प्रशासन एवं नगरीय निकायों के साथ संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सर्वधर्म सामूहिक दिव्यांग विवाह में रिकोर्ड 122 दिव्यांग जोड़ो को परिणय सूत्र में बांध कर उज्जैन जिले के नाम 5 विश्व रिकोर्ड स्थापित करने में भी स्नेह की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की |

मैं माननीय उपराष्ट्रपति श्री वैंकया नायडू जी एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत जी का स्नेह को दिव्यांगजन कल्याण में उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय पुरुस्कार के गौरव से पुरुस्कृत करने हेतु सम्पूर्ण स्नेह परिवार की और से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ |

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में स्नेह की टीम सेवा, समर्पण, समानुभूति एवं सहयोग की भावना के साथ दिव्यांगजनों के सम्पूर्ण पुनर्वास की UNCRPD एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की भावनाओं को मूर्त रूप देने में एक मिल का पत्थर साबित होगी |

महेशचंद्र राठौड़<br>
परियोजना अधिकारी

सत्यमेव जयते

Accessible India Campaign

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

स्वावलम्बन Swavlamban

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
MINISTRY OF SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
DEPARTMENT OF EMPOWERMENT OF PERSONS WITH DISABILITIES (DIVYANGJAN)

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार - 2019
# NATIONAL AWARD FOR THE EMPOWERMENT OF PERSONS WITH DISABILITIES (DIVYANGJAN) - 2019

यह राष्ट्रीय पुरस्कार

स्पेशल नीड एज्युकेशन होम - स्नेह

को दिव्यांगजनों को समग्र व्यापक सेवाएं प्रदान करने हेतु कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संस्था के रूप में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है।

THIS NATIONAL AWARD IS GIVEN TO

Special Need Education Home - SNEH

IN RECOGNITION OF ITS OUTSTANDING PERFORMANCE IN THE CATEGORY OF BEST INSTITUTION FOR PROVIDING HOLISTIC COMPREHENSIVE SERVICES TO THE PERSONS WITH DISABILITIES (DIVYANGJAN)

नई दिल्ली
New Delhi

दिनांक
Date 03·12·2019

सचिव भारत सरकार
Secretary to the Government of India



महामहिम उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू एवं माननीय केंद्रीय मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत जी के कर कमलों से देश की सर्वश्रेठ संस्था के राष्ट्रीय पुरुस्कार को प्राप्त करते हुए स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन



संस्थापक श्री पंकज मारू जी द्वारा राष्ट्रपति भवन में अभिवादन स्वीकार करते महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद



डॉ. नैना क्रिश्चियन महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी से चर्चारत



विश्व दिव्यांगता दिवस 2019 के अवसर पर देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था से पुरस्कृत होने के पश्चात् राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के साथ निर्देशक डॉ नैना क्रिस्चियन



विश्व दिव्यांगता दिवस 03 दिसम्बर 2019 को विज्ञान भवन दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल लायंस क्लब नागदा ग्रेटर एवं स्नेह अध्यक्ष लायन पंकज मारू, लायन डॉ. नैना क्रिश्चियन, लायन सतीश बजाज, लायन घनश्याम राठी, लायन कमलेश नागदा, लायन के. के. गुप्ता, लायन राकेश डाबी स्नेह के महेशचंद्र राठौड़ एवं चन्दन सिंह |

दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्नेह को देश की सर्वश्रेठ संस्था के पुरस्कार से को सम्मानित किया गया | पुरस्कार वितरण समारोह के पश्चात लायंस क्लब नागदा ग्रेटर और स्नेह टीम के सदस्यों से भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की |





दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु समुदाय आधारित समावेशी विकास (CBID) पर डिजाइन किये जाने वाले पाठ्यक्रम हेतु दो दिवसीय कार्यशाला में मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली के विशेषज्ञों के साथ विभिन्न बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव साँझा करने पर भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सचिव श्रीमती शकुन्ताला डी गम्लिन द्वारा प्रमाण पत्र प्रेषित कर सम्मानित किया गया |

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों हेतु केबिनेट मंत्री श्री जीतू पटवारी मध्यप्रदेश शासन एवं जिला कलेक्टर उज्जैन श्री शशांक मिश्र द्वारा संस्थापक पंकज मारू जी को सम्मानित कर प्रशंसा – पत्र भेंट किया |



## VISION

*A Center of Excellence, helping individuals with Special need to achieve their highest potential, a guiding light for the society.*

विशेष आवश्यकता रखने वाले व्यक्तियों के भीतर मौजुद क्षमता को उनके उच्चतम स्तर तक पहुँचाने एवं समाज को मार्गदर्शित करने हेतु एक उत्कृष्ट संस्थान।

## MISSION

*To successfully integrate the children with special need, regardless of the background, into the society through professional training & therapy, together with our focused efforts to create social awareness.*

सामाजिक जागरूकता निर्मित करने हेतु केन्द्रित प्रयासों के साथ विशेष आवश्यकता रखने वाले सभी बच्चों को बिना भेदभाव व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं थैरेपी के माध्यम से समाज के साथ एकीकृत करना |



# Team behind the Dream



MJF Lion Er. Pankaj Maru
Founder & President



Lion Vinayraj Sharma
Secretary



Lion Vijay Porwal
Treasurer



Lion Govind Mohta
Vice President



Lion Panjak Pawecha
Jt. Secretary



Lion Dr. Naina Christian
Director



Lion Ravi Kanthed
Executive Member



Mr. Surendra Singh Chouhan
Executive Member



Mr. Mahesh Chandra Rathore
Project Coordinator

## SNEH at a Glance

*With a population of 0.125 million, Nagda in Madhya Pradesh is not the first place that strikes one as the locale for the World class institution to care for children with Intellectual disabilities. But that's just what Lion Er. Pankaj Maru wanted to make Special Need Education Home (SNEH) which was founded in July 2009.*

*Setting up SNEH in a small two rooms rented school shed, Lions managed to convince the parents of 8 children with special need that they could help. Lion Maru, parent of an ADHD baby girl who is inspiration in making him a warrior to children with special need after leaving comfortable and luxurious life of Dubai based MNC as CEO. The Job of treating children with Autism, Cerebral Palsy, ADHD, Delay Development, and PwIDDs etc. in a small town was another big challenge. Good intentions always supported by the God and therefore with a team of dedicated staff led by an Occupational Therapist Lion Dr. Naina Christian Machar and financial support from LCIF and others, the center now grown up to 152 PwIDDs.*

*The Early Intervention Unit, Occupational Therapy Unit, Special Education Unit & Vocational Training Units are taking care of PwIDDs. SNEH has Multi Utility room where Computer unit, Grooming Unit, Dressing Unit, Money Concept, Activity of daily living unit, Training Unit are developed. PwIDDs are assessed thoroughly before enrollment in SNEH. IEP (Individual education Program) is being prepared for each & every kid. The Special education, Therapy and vocational training is making lot of difference in the kids to integrate them with society. The 70% of sales proceed of vocational items are being distributed among kids to create confidence under them & make them self-sustainable. Many kids started talking and walking after getting therapy in SNEH. They are also getting training of dance, sports and many other extracurricular activities. SNEH kids performed in presence of Hon. President of India in Delhi and rewarded in a National award function 2014.*

*SNEH got various awards by the Government and leading social organization for Best Institution and its outstanding work for rehabilitation of people with intellectual disabilities.*

*Looking to the activities of SNEH Govt. of India appointed founder Pankaj Maru in following Apex bodies:*

1. *Expert Member : Central Advisory Board*
2. *General Council Member : Rehabilitation Council of India*
3. *Member : Executive Committee of RCI*
4. *Member : Advisory Committee to CCPD*
5. *Member : Screening Committee of ADIP Scheme*
6. *National Coordinator : Niramaya Health Insurance Scheme*
7. *General Council Member : National Mental Health Rehabilitation Institute*
8. *Member : PwD's Expert Committee of UGC*

*The MP Govt. has appointed him as Member Secretary of State Level Coordination Committee (SLCC) to implement various schemes of National Trust for PwIDs in the state. The permanent project of Lions of Nagda SNEH provided Niramaya Health Insurance to more than 1868 PwIDs of the Madhya Pradesh during 2019- 20. During this period claims of Rs. 73.33 Lakh. Have been lodged with the assistance of SNEH.*

***Serving with SNEH***

| Counseling | Special School | Medical Care | Vocational Training | CBR |
|---|---|---|---|---|
| Parent Counseling | Assessment | Early Intervention | Computer | Identification of PwID's |
| Child Development Counseling | Individual Education Program (IEP) | Occupational Therapy, | Cooking | Disability Certificate and UDID Enrollment Camps |
| Behavior Modification | Activities of Daily Living (ADL) | Physiotherapy | Art & Craft | Assistance in providing Central & State Govt. Schemes |
| Educational Counseling | Sensory Training | Child Hygiene & Sanitation Training | Clay Work | Assistive Devices and Artificial Limbs Distribution |
| Music & Dance Therapy | Home Based Education | Routine Medical Checkup | Paper Begs | Rehab Worker & Parent's Training |
| | Cultural Activity and Events | Cochlear Implant | Diya Making | Care Giver Training |
| | Self Advocacy | | Rakhi Making | Knowledge Workshops & Seminar |
| | Social Integration | | | Awareness Generation |

## Blessed to Served

| Sl. No. | Programme & Activity | No. of Beneficiaries |
|---|---|---|
| 1. | Enrolled PwIDDs in SNEH | 152 |
| | Community Based Rehabilitation Programme | |
| 2. | Identification of New PwID's | 79 |
| 3. | Therapy (OPD) | 1756 |
| 4. | Disability Certificate & UDID Cards | 354 |
| 5. | Govt. Schemes (Pension, Scholarship etc.) | 252 |
| 6. | Loans for Self Employment | 03 |
| 7. | Divyang Vivah | 45 |
| 8. | Legal Guardianship | 34 |
| 9. | Parent Counseling | 290 |
| 10. | Guidance and Counseling for PwDs | 248 |
| 11. | Financial Support to PwDs | 18 |
| 12. | Food, Fruits, Sanitizer, Mask kit distribution in Covid-19 Lockdown Period | 370 |
| 13. | Blood Donation | 45 |
| | Total Beneficiaries | 3646 |

## Benefits Served to PwIDs under Niramaya Health Insurance



## ❖ Accessible Election Campaign (Loksabha) 2019



सुगम्य मतदान अभियान के तहत स्नेह के सहयोग से बौद्धिक दिव्यांगजनों ने मताधिकार का प्रयोग कर सन्देश दिया |








### सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' के नारों से गूंजा शहर

भास्कर संवाददाता | नागदा

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, 19 मई भूल ना जाना, वोट डालने जरूर जाना, जैसे गगन भेदी नारों से बुधवार शाम शहर गूंज उठा।

19 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लायंस ऑफ नागदा की स्थाई परियोजना एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत समावेशी रैली निकाली गई। शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक सीएम पंथारी और एवं जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी साबिर एहमद सिद्की ने किया। समापन पर मतदान की शपथ दिलाई गई। रैली में लायंस क्लब नागदा ग्रेटर अध्यक्ष घनश्याम राठी, लायंस क्लब नागदा के गोविंद मोहता, जैन सोशल ग्रुप अध्यक्ष शरद जैन, जीवदया मानव सेवा समिति अध्यक्ष सतीश जैन, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सुनील कुमार, नवकार कपल ग्रुप अध्यक्ष राजेश सकलेचा, महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष राजेश गेलडा, लियाफी के श्रेणिक जैन, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सतीश बजाज, सुरेंद्र मीणा, अभा पोरवाल युवा संगठन अध्यक्ष अनिल पोरवाल, ऑटो रिक्शा चालक संघ के खलील एहमद, ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमि. के जनसंपर्क अधिकारी संजय व्यास उपस्थित थे।





### स्नेह के 17 युवा दिव्यांग पहुंचे, इनके लिए अलग व्यवस्था

स्नेह संस्था के युवा दिव्यांगों ने भी अपने मतदान का उपयोग किया। स्नेह संस्था के संस्थापक पंकज मारू ने बताया कि स्नेह संस्था के 17 युवा दिव्यांगों ने अपने-अपने मतदान केंद्र पर मतदान किया, इनके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।



## ❖ Sensitization, Awareness and Training Programme




Two Days National Level Workshop & National Trust Registered Organization Meet in Feb. 2020 inaugurated by Cabinet Minister Dr. T.C. Gehlot Ji




State Level Knowledge Workshop & National Trust RO Meet in Aug. 2019. 75 ROs & 120 Govt. Officials attended




5th National Convention of SELF Advocates Forum of INDIA (SAFI) On the theme "Real Jobs in Community with Right Pay"



More than 200 self-advocates and parents from 20 states participated in National Convention of SAFI



**Two Days National Level CRE Workshop**

## Key Programmes

- "DDRS" Special School cum Vocational & Rehabilitation Center
- "Disha cum Vikaas" Early Intervention and School Readiness & Day Care Programme.
- "Vocational Unit" Skill Development Training Programme for PwIDs
- "Niramaya" Health Insurance Scheme.
- "Prerna" Marketing Assistance.
- "Badhte Kadam" Awareness, Community interaction and innovative Project
- "LLC" Local Level Committee Dist. Ratlam, Jhabua, Burhanpur, Ujjain.
- "CBR" Awareness Programme & Home Based Education for PwDs
- "SNAC" State Nodal Agency Center Madhya Pradesh
- "SNEH Institute for Learning & Empowerment" Human Resource Development.



## ➢ *Knowledge Sharing*

### *Founder Er. Pankaj Maru Participated as a resource person*

| S. No. | Event | Place | Country State | Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CBID Curriculum design | Melbourne | Australia | 11.Apr.2019 |
| 2. | Two Days National Level CRE Workshop at SNEH | Nagda | MP | 25.Apr.2019 |
| 3. | Two Days National Workshop on Confluence of Recent Legislations Role of RCI in HRD | Gauhati | Assam | 06.Jun.2019 |
| 4. | Meeting with Delegates of Melbourne University for CBID Curriculum Development | Delhi | Delhi | 14.Jun.2019 |
| 5. | Launching Online Teachers Training Software on Disabilities by CHETNA | Gandhinagar | Gujrat | 17.Jun.2019 |
| 6. | 80th Executive Committee Meeting of RCI | New Delhi | Delhi | 12.Jun.2019 |
| 7. | 82 Board Meeting of National Trust. | New Delhi | Delhi | 24.Jun.2019 |
| 8. | Addressed More than 300 Parents of PwIDs on Central Govt. Scheme and RPD Act 2016. | Surat | GJ | 21.Jul.2019 |
| 9. | Two Days Mentors Training of Self Advocacy. | Nagda | MP | 19.Aug.2019 |
| 10. | State Level Knowledge Workshop & MP NT RO Meet at SNEH | Nagda | MP | 21.Aug.2019 |
| 11. | National Conference on Challenges and Solutions of PwDs Family at BHU. | Banaras | UP | 01.Sep.2019 |
| 12. | 19th AGM of National Trust. | New Delhi | Delhi | 12.Sep.2019 |
| 13. | 83 Board Meeting of National Trust | New Delhi | Delhi | 13.Sep.2019 |
| 14. | National Trust State Nodal Agency Center Meeting at NT Office | New Delhi | Delhi | 13.Sep.2019 |
| 15. | Curriculum Designing of CBID with Australian Delegates at RCI. | New Delhi | Delhi | 18.Sep.2019 |
| 16. | Central Advisory Board Meeting at Vigyan Bhawan. | New Delhi | Delhi | 19.Sep.2019 |
| 17. | Attending Meeting at Australia India Institute Delhi. | New Delhi | Delhi | 20.Sep.2019 |
| 18. | Addressed LLC, DMC and NGOs working with PwDs on Central Govt. Scheme and RPD Act 2016. | Indore | MP | 27.Sep.2019 |
| 19. | Addressed 27th National Parent Meet of PARIVAAR. | Ahemdabad | GJ | 20.Oct.2019 |
| 20. | National Seminar on Building Legal Capacity of PwIDDs. | New Delhi | Delhi | 23.Oct.2019 |

| S. No. | Event | Place | Country State | Date |
|---|---|---|---|---|
| 21. | 5th National Convention of SELF Advocates Forum of INDIA On the theme "Real Jobs in Community with Right Pay" Host by SNEH | Nagda | MP | 16.Nov.2019 |
| 22. | Two Days Meeting for National Trust Act 1999 Amendment. | New Delhi | Delhi | 20.Nov.2019 |
| 23. | International Conference on Inclusive Education | Raipur | CG | 08.Dec.2019 |
| 24. | Visited National Institute of Mental Health Rehabilitation | Sehore | MP | 16.Dec.2019 |
| 25. | Host Divyang Parichay Sammelan | Nagda | MP | 02.Jan.2020 |
| 26. | Meeting with CEO of The Council of Autism Service Providers & CEO of National Trust for Insurance and ABA Therapy for Autism | New Delhi | Delhi | 09.Jan.2020 |
| 27. | Addressing the Parents of PwIDDs of Telangana & Aandhra Pradesh on Central Govt. Scheme and RPD Act 2016. | Hyderabad | Telangana | 27.Jan.2020 |
| 28. | Visited NIEPID | Secunderabad | Telangana | 28.Jan.2020 |
| 29. | Meeting with Hon Cabinet Minister Dr. Thawar Chand Gehlot Ji along with the delegation of The Hans Foundation is agree to fund 75 Cr. in Next 3 Years to setup community homes. | New Delhi | Delhi | 05.Jan.2020 |
| 30. | 81$^{th}$ Executive Committee Meeting of RCI | New Delhi | Delhi | 06.Jan.2020 |
| 31. | Two Days National Level CRE Workshop on Learning Disability the workshop was inaugurated by Cabinet Minister Dr. Thawar Chand Gehlot Ji | Nagda | MP | 14.Feb.2020 |
| 32. | Meeting with DM Ujjain for Divyang Vivah Sammelan. | Ujjain | MP | 19.02.2020 |












## Festival & Day Celebration



**Holi** Festival Celebration with our Special Needs Kids

Hon Minister Grant Son Birthday Celebration with our PwIDDs





Haldi Ceremony Celebration in Divyang Vivah Sammelan at Ujjain



Teacher's Day Celebration

Independence Day Celebration





जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर स्नेह के बच्चों ने मटकी फौड़ प्रतियोगिता में सहभागिता कर कृष्णा जन्म उत्सव आनंद पुर्वक मनाया |



लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के सदस्यों एवं स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन के साथ विशेष बच्चों ने पौधारोपण कर ग्रीन डे मनाया |

# Exhibitions and Product Promotion Made by PwIDD's



NHFDC द्वारा आयोजित एकम उत्सव 2020 में स्नेह के दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार कलात्मक उत्पादकों की प्रदर्शनी को माननीय केंद्री मंत्री जी ने सराहा |




NHFDC के एकम उत्सव 2020 में स्नेह स्नेह के बच्चों द्वारा मिट्टी से तैयार कलात्मक उत्पादकों की प्रदर्शनी



दीपावली पर्व पर स्नेह के विशेष बच्चों द्वारा तैयार मिट्टी के कलात्मक दीपकों को अपर कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी को भेंट किये |



उज्जैन उपायुक्त राजस्व श्री एस. के. भंडारी जी ने स्नेह के बच्चों द्वारा तैयार मिट्टी के कलात्मक दीपकों को क्रय कर सहयोग किया|



स्वावलंबन अभियान के तहत बच्चों द्वारा बनाएं दीपकों को शासकीय कार्यालयों में विक्रय कर सहयोग प्राप्त किया |



स्वावलंबन अभियान के तहत तैयार दीपकों को व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर विक्रय कर बच्चों की प्रतिभा से अवगत करवाया |



मिट्टी के कलात्मक दीपकों को तैयार करती संस्था की बौद्दिक दिव्यांग बालिका|

## *Supported 5 Divyangs under Vehicle Ownership Scheme for Income Generation of NHFDC to Provide 3 Cabs*











दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के नेशनल हैंडीकैप्ड फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन फरीदाबाद द्वारा स्नेह के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों को कार लोन स्वीकृत कर उन्हें नियमित आय प्राप्त करने हेतु सहयोग प्रदान किया | गौरतलब है की 5 दिव्यांगजनों के मध्य तीन कार जो कि इंदौर एयरपोर्ट पर टेक्सी के रूप में संचालित है प्रदान की गई |

- **विशेष विद्यालय सह व्यावसायिक एवं पुनर्वास केंद्र** – संस्था नागदा जेनिथ सोशयल वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित स्थायी परियोजना स्नेह के अंतर्गत छः से 18 वर्ष की आयु के बौद्धिक दिव्यांग, प्रमस्तिष्क घात, बहुदिव्यांग बच्चों के लिए केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की दीनदयाल दिव्यांग पुनर्वास योजना के तहत विशेष शिक्षा, परामर्श, चिकित्सकीय उपचार अंतगर्त थेरपी, योग, एवं व्यावसायिक पूर्व प्रशिक्षण दिया जाता है | परियोजना के तहत वर्ष 2018-19 में 106 दिव्यांग बच्चों को उपरोक्त सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा हैं |








- **स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम** – संस्था स्नेह द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष बच्चों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मिट्टी के कलात्मक उत्पादकों को तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाता है वर्ष 2019-20 में 25 बच्चों को इस योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया | स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तैयार उत्पादकों को संस्था द्वारा विक्रय कर उससे लाभ का 70 % भाग बच्चों को दिया जाता है |



- **शीघ्र हस्तक्षेप एवं डे केयर कार्यक्रम : -** संस्था स्नेह द्वारा राष्ट्रीय न्याय नई दिल्ली की दिशा सह विकास योजना के अंतगर्त शून्य से दस वर्ष के बौद्दिक दिव्यांग, ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क घात एवं बहुदिव्यांग बच्चों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र एवं दस वर्ष से आधिक आयु के बच्चों के लिए डे केयर कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है | वर्ष 2019-20 में बीपीएल श्रेणी के 25 दिव्यांग बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा विशेष शिक्षा, व्यावसायिक कौशल, थेरपी एवं परामर्श प्रदान कर बच्चों के सशक्तिकरण पर कार्य किया |
















# वर्ष 2019-20 की मासिक गतिविधियाँ

## अप्रेल – 2019

- **समुदाय आधारित समावेशी विकास पर मेलबोर्न विश्वविद्यालय एवं RCI के साथ पुनर्वास विशेषज्ञ के रूप में नवीन पाठ्यक्रम तैयार करना** – केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के मध्य दिव्यांगता के विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक रूप से कार्य करने पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया था | इसी के तहत दोनों देशों के प्रतिनिधि मण्डल की एक कार्यशाला मेलबोर्न विश्वविद्यालय द्वारा ऑस्ट्रेलिया में आयोजित की गई | भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए इस कार्यशाला में भारतीय पुनर्वास परिषद्, नई दिल्ली के दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच सदस्सीय विशेषज्ञों के दल में शामिल होकर सहभागिता करने का अवसर संस्था "स्नेह" के संस्थापक एवं पुनर्वास विशेषज्ञ श्री पंकज मारू को प्राप्त हुआ | श्री मारू ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु समुदाय आधारित समावेशी विकास पर डिजाइन किये जाने वाले पाठ्यक्रम तैयार करने में अन्य विशेषज्ञों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका अदा की |



- **समुदाय आधारित समावेशी विकास पाठ्यक्रम डिज़ाइन पर भारत में संपन्न कार्यशाला** – केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली द्वारा द्वितीय कार्यशाला का आयोजन किया गया | दो दिवसीय कार्यशाला में मेलबोर्न विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली के चयनित विशेषज्ञों के साथ CBID पाठ्यक्रम के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर पाठ्यक्रम की फ्रेमवर्क तैयार की |





- **दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला** – राष्ट्रीय बहुदिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान चैन्नई, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में संस्था स्नेह द्वारा समावेशी शिक्षा एवं सुगम्यता विषय पर दो दिवसीय रीजनल कार्यशाला का आयोजन सूरज बाई स्नेह परिसर के लायंस हॉल में किया गया | कार्यशाला में भारतीय पुनर्वास परिषद् से पंजीकृत पांच राज्यों के पुनर्वास कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में सहभागिता कर देश के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञों से अंतराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त किया | दो दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर स्नेह एवं आस्था ग्राम खरगोन के दिव्यांग बच्चों ने सुंदर प्रार्थना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया | कार्यशाला के अंतिम दिन देश का प्रथम सुगम्य महाकालेश्वर मंदिर एवं अटल अनुभूति समावेशी उद्यान का भ्रमण कर प्रशिक्षणार्थियों को सुगम्यता के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया | प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए |









## मई – 2019

- **सुगम मतदान हेतु जागरूकता कार्यक्रम** – सत्रहवीं लोक सभा के गठन के लिए भारतीय आम चुनाव, देशभर में 11 अप्रैल से 19 मई 2019 तक अयोजित कराये गये | दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में भारत सरकार द्वारा किये गये प्रावधानों के तहत केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं चुनाव आयोग, नई दिल्ली द्वारा पुरे देश में दिव्यांगजनों के लिए सुगम मतदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया | संस्था स्नेह द्वारा इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के लाखो दिव्यांगजनों को मोबाईल SMS, मतदान जागरूगता पेम्पलेट, बाधा मुक्त मतदान केंद्र, रोड़ शो व मानव श्रृंखला के माध्यम से जागरूग किया गया |






### मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन, दिलाई शपथ

नागदा जं. ● स्वदेश समाचार

भारत निर्वाचन आयोग एवं जिलाधीश उज्जैन के निर्देशानुसार उज्जैन आलोट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 19 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लायंस अॉफ नागदा की स्थायी परियोजना एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार की शाम को समावेशी रैली का आयोजन किया गया।

रैली में दिव्यांगजन ट्राइसिकल पर सवार होकर शत-प्रतिशत मतदान करने की गुहार करते हुए चल रहे थे। वहीं एनसीसी के केडेट्स भी इस अभियान में अपना योगदान देते हुए नागरिकों को मतदान हेतु जागरूकता का संदेश दे रहे थे। ट्रैक्टर-ट्राली में विभिन्न धर्मों का स्वांग रचे हुए बच्चे भी मतदान को लेकर जनता को संदेश दे रहे थे। इस समावेशी रैली की शुरुआत रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र से हुई, जिसमें विभिन्न संस्थानों के आगेवानों ने भी हिस्सा लिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम कॉलोनी पहुंची जहां विभिन्न समाजों के प्रमुखों द्वारा शपथ पत्र व जागरूकता स्लोगन के साथ शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित कर किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी आरपी वर्मा, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सी.एम पंथारी, जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी शाबिर एहमद सिद्दकी भी उपस्थित थे।







सुगम मतदान जागरूगता अभियान के तहत समावेशी नुक्कड़नाटक एवं अनेकता में एकता का परिचय देते हुए मतदान करने की अपील करते विशेष बच्चे

# जून – 2019





दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु भारतीय विधानों एवं मानव संसाधन विकास में RCI की वर्तमान भूमिका विषय पर गुवाहाटी दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में 100 से अधिक पुनर्वास कार्यकर्ताओं को संबोधित किया |



घरौंदा केंद्र कोपलवानी संस्थान रायपुर का भ्रमण किया



SSA शिक्षकों के लिए दिव्यांगता विषय पर गुजरात की चेतना संस्था द्वारा सॉफ्टवेयर लॉन्च किया



CBID पाठ्यक्रम पर मेलबोर्न विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया प्रतिनिधिमंडल के साथ



पौधारोपण कार्यक्रम पर केन्द्रीय मंत्री जी ने दिव्यांग बच्चों का किया स्वागत



उज्जैन में आयोजित दिव्यांग परिचय सम्मेलन में 30 जोड़े बनाएं





स्नेह के 11 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी एवं दानदाताओं ने बच्चों को गणवेश एवं शिक्षण सामग्री भेंट की

केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद जी गेहलोत के पोते श्री मनीष जी गेहलोत ने अपना जन्मदिन स्नेह के दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया |







मावजात अभिभावक संघ सूरत द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में बौद्दिक दिव्यांगों के 300 से अधिक अभिभावकों को RPwD अधिनियम एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की |

20 वां कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विशेष बच्चों ने करगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी एवं देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए |



# अगस्त – 2019






वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों के लिए भारत सरकार की वयोश्री एवं एडीप योजनान्तर्गत सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने हेतु परिक्षण शिविर |

खाचरौद जनपद स्तर पर 126 दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों के लिए वयोश्री एवं एडीप योजनान्तर्गत सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग हेतु परिक्षण शिविर |








एलिम्को, लायंस क्लब नागदा ग्रेटर एवं स्नेह नागदा के संयुक्त तत्वाधान में दृष्टिहीन छात्र छात्राओं को सहायक उपकरण प्रदाय |

निलेश पारीख, CEO जिला पंचायत उज्जैन के कर कमलों से दृष्टिहीन बालिका को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु डीजी प्लेयर भेंट किया |





NIEPMD, NIEPID, NCPO एवं साफी द्वारा प्रकाशित बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को सेल्फ एडवोकेट्स के मेंटर्स प्रशिक्षण मॉड्यूल की प्रति केन्द्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत जी को प्रदान की |

# Two Days Mentors Training on Self Advocacy



बौद्धिक दिव्यांगों सेल्फ एडवोकेट्स के रूप में तैयार करने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला में पुनर्वास कार्यकर्ता को मेंटर्स प्रशिक्षण दिया |



श्री पी. एस. बुरडे ज़ोनल उपाध्यक्ष वेस्ट (परिवार) द्वारा पुनर्वास कार्यकर्ताओं को एडवोकेसी के गुर सिखाए |



बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को सेल्फ एडवोकेसी के लिए तैयार करते प्रशिक्षु



बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के साथ मेंटोर्स ट्रेनिंग लेते प्रशिक्षु



सेल्फ एडवोकेसी प्रशिक्षण के दौरान गणेश ने अपनी बातों को मंच के माध्यम से रखा



सेल्फ एडवोकेसी प्रशिक्षण के दौरान विशेष बालिकाओं ने अपना परिचय दिया |



कार्यशाला में प्रशिक्षुओं ने अपना अनुभव साँझा किया |



विशेष बच्चों के साथ समूह चर्चा करते हुए



खेल के माध्यम से विशेष बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए मेंटर्स



प्रशिक्षण के बाद समूह चर्चा करते विशेष बच्चे |

## Two Days Mentors Training on Self Advocacy




राष्ट्रीय न्यास, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग म.प्र. के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय न्यास की पंजीकृत संस्थाओं एवं मध्य प्रदेश सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण के समस्त जिलों के संयुक्त संचालक एवं उपसंचालकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजना 21 अगस्त को स्नेह परिसर के लायंस हॉल में आयोजित की गई |



राष्ट्रीय न्यास योजनाओं की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय न्यास प्रोग्राम ऑफिसर नवनीत कुमार जी|

कार्यशाला का सामूहिक छांया चित्र



## Workshop at BHU Banaras




बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में दिव्यांगजनों के परिवार की चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत सरकार की दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की |






## Teachers day celebration





5 सितम्बर 2019 को स्नेह परिसर के लायंस हॉल में शिक्षक दिवस मनाया गया इसा अवसर पर संस्था के विशेष शिक्षक एवं अन्य सहायक कर्मचारियों का स्वागत सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए |



## दीनदयाल उपाध्याय जयंती

एकात्म मानवदर्शन के द्रष्टा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नई दिल्ली के निर्देश पर संस्था के दिव्यांग बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस अवसर पर संस्थापक पंकज जी मारू ने प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरुस्कार वितरित किए |

## लोकल लेवल कमेटी इंदौर

कलेक्टर कार्यालय इंदौर सभा गृह में जिला लोकल लेवल कमेटी, जिला दिव्यांग सलाहकार समिति एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय न्यास की विभिन्न योजनाओं के साथ लीगल गार्जियनशिप की जानकारी संस्थापक पंकज मारू जी ने प्रदान की |



## SNEH Anubhuti Garba





संस्था द्वारा हर वर्ष की तहर इस वर्ष भी समावेशी स्नेह अनुभूति गरबा का आयोजन शरद पूर्णिमा पर स्नेह परिसर में आयोजित किया कार्यक्रम में विशेष बच्चों ने पारंपरिक पोषक में किया गरबा

## Gift distribution programme on diwali festival



संस्था स्नेह द्वारा व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत विशेष बच्चों द्वारा मिट्टी के कलात्मक उत्पाद निर्मित किये जाते है संस्था द्वारा देश विदेश में इनका विक्रय कर उससे अर्जित लाभ का 70 प्रतिशत भाग बच्चों को दीपावली पर्व पर वितरित किया जाता है | इसी तारतम्य में 1.5 लाख रूपये की राशि के उपहार क्षेत्रीय विधायक श्री दिलीप सिंह गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी श्री आर.पी. वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री मनोज रतनाकर के कर कमलों से प्रदान किए |

## Addressed NTRO Representatives

भारत के विभिन्न राज्यो के राष्ट्रीय न्यास के प्रतिनिधियों को लोकल लेवल कमेटी और निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना पर नई दिल्ली में मार्गदर्शन प्रदान किया।



## 5th All India SAFI Conventions



साफी के 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में शामिल होने पर पंजीयन करवाते अभिभावक




राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में मंच पर विराजमान मुख्य अतिथ केन्द्रीय मंत्री माननीय डॉ. थावरचंद गेहलोत जी



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम उद्घाटन करते केन्द्रीय मंत्री डॉ. थावरचंद गेहलोत, संयुक्त सचिव डॉ. प्रबोध सेठ जी



कार्यक्रम शुभारंभ पर स्नेह प्रार्थना प्रस्तुत करते स्नेह के विशेष बच्चे




राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल सेल्फ अड्वोकेट्स एवं अभिभावकों को संबोधित करते माननीय केन्द्रीय मंत्री जी



साफी के कार्यों एवं गतिविधियों की जानकारी से अवगत करते हुए साफी की रष्ट्रीय अध्यक्ष कु. अदिति वर्मा




कार्यक्रम में उपस्थित महमानों को संबोधित करती स्नेह की सोनू मारू



विशेष बच्चों के बीच माननीय केन्द्रीय मंत्री डॉ. थावरचंद गेहलोत जी







कार्यक्रम में सेल्फ एडवोकेसी का प्रशिक्षण अंतगर्त विशेष बच्चों समूह चर्चा करते हुए, मास्टर ट्रेनर मेंटोर्स द्वारा बच्चों को एडवोकेसी के गुर सिखाए, अभिभावकों ने बच्चों को बोर्ड के माध्यम से अपनी बात रखने के गुर का प्रशिक्षण दिया |

# Cultural Programme & Election of SAFI EC



साफी राष्ट्रीय अधिवेशन में सांस्कृतिक प्रस्तुती देते स्नेह के बच्चें



साफी के तीन वर्षीय राष्ट्रीय चुनाव में कार्यकारिणी के विभिन्न पद पर नामिनेशन करते साफी के सदस्य



साफी सदस्यों के बीच चुनाव प्रचार करते हुए उम्मीदवार अभिषेक दुबे



चुनाव कार्यक्रम में सुरक्षा का जायजा लेते हुए सुरक्षाकर्मी एवं मिडिया



वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए वोटर्स



साफी की नवीन कार्यकारिणी को चुनने के लिए अपने मद का उपयोग करते विशेष बच्चा




साफी की राष्ट्रीय नवीन कार्यकारिणी का गठन



महाकालेश्व ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते सेल्फ एडवोकेट्स एवं उनके मेंटोर्स





साफी के 5 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के दुसरे दिन भारत के विभिन्न राज्यों से कार्यक्रम में शामिल सेल्फ एडवोकेट्स को उज्जैन स्थित भारत का पहला बाधामुक्त अटल अनुभूति पार्क, महाकालेश्व मंदिर एवं नागदा स्थित बिरला मंदिर का भ्रमण करवाया |

## Relief Package Distribution by Lions Club Nagda Greater




स्नेह परिसर के लायंस हाल में 250 हितग्राहियों को लायंस क्लब्स इंटरनेशनल फाउंडेशन से प्राप्त आपदा राहत अनुदान से राहत सामग्री के रूप में प्रत्येक को 1500 रुपए मूल्य के 19 बर्तन, एक दरी और एक कम्बल प्रांत पाल लायन आर जी पाठक एवम् पूर्व प्रांतपाल लायन मदन जी माहेश्वरी के कर कमलों से भेंट किया।



भारतीय जीवन बीमा निगम नागदा शाखा द्वारा CSR कार्यक्रम के तहत स्नेह के प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थि सोनू मारू, गौरव प्रजापत, पायल निम्बोला, रवि चावरे, अनोश जोसेफ, प्रमोद धर दुबे, राखी दशलानिया, लाली सिसोदिया, रोशन सिलावट, रमेश सिलावट, हिम्मत सोलंकी एवं आदित्य मेहता को सम्मानित किया।



*National Award Celebration Ceremony*




दिव्यांगजनों को समग्र सेवा प्रदान करने वाली देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था का पुरस्कार प्राप्त कर स्नेह ने शहर ही नहीं पूरे प्रदेश और साथ – साथ लायंस अंतरराष्ट्रीय का भी मान बढ़ाया है इसके लिए स्नेह की पूरी टीम बधाई की पात्र है" उपरोक्त उदगार लायंस प्रांत 3233 जी 2 के प्रांत पाल लायन आर जी पाठक ने संस्था स्नेह द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।




आकांक्षा इंस्टीट्यूट रायपुर द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल महामहिम सुश्री अनुसुइया उइकेजी की उपस्तिथि में भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों हेतु बनाए कार्यकर्मों और योजनाओं की जानकारी प्रदान की। महामहिम राज्यपाल को छत्तीसगढ़ के हर विश्वविद्यालय में एक दिव्यांगजन अध्ययन शाला खोलने का अनुरोध किया जिसे उन्होंने शीघ्र मूर्त रूप देने का आश्वासन दिया।








## जनपद स्तरीय दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन में पंजीकृत 259 दिव्यांगजनों में से 19 जोड़े विवाह हेतु चयनित

जिलाधीश महोदय शशांक मिश्र की पहल पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना एवं दिव्यांगजन विवाह योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग उज्जैन, जनपद पंचायत खाचरौद, नगर पालिका नागदा, खाचरौद एवं उन्हेंल तथा लायंस ऑफ़ नागदा की स्थाई परियोजना एवं दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन कम्युनिटी हॉल नागदा में संपन्न हुआ | कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वल्लन कर क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह गुर्जर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सज्जन सिंह शेखावत , जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुबोध स्वामी, अनुविभागीय अधिकारी नागदा आशुतोष गोस्वामी, खाचरौद एस डी एम् पुष्पेन्द्र अह्के, जनपद सी ई ओ प्रदीप कुमार पाल, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालाक सी एल पंथारी एवं संस्था स्नेह के संस्थापक पंकज मारू










जिला प्रशासन उज्जैन एवं संस्था स्नेह के संयुक्त तत्वाधान में राज्यस्तरीय दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन के तीसरे चरण में उज्जैन स्थित विक्रम कीर्ति मंदिर में 26 दिव्यांग जोड़े विवाह के परिणय सूत्र में बंधने के लिए तैयार हुए |





स्नेह एवं जनपद पंचायत महिदपुर के संयुक्त प्रयासों से दिव्यांग युवक युवती परिचय सम्मेलन में दिव्यांग युवक युवती एवं उनके अभिभावकों की काउन्सलिंग कर 11 दिव्यांग जोड़ो को विवाह के लिए तैयार किया |



**सं**युक्त राज्य अमेरिका में ऑटिज्म दिव्यांगता से संबंधित व्यक्तियों के लिए संचालित बीमा एवं एबीए थेरपी सुविधा विषय पर द काउंसिल ऑफ़ ऑटिज्म सर्विस प्रोवाइडर संयुक्त राज्य अमेरिका की सीईओ सुश्री लोरी, राष्ट्रीय न्यास के संयुक्त सचिव एवं सीईओ श्री निकुंज के सुंदराय जी के साथ चर्चा की।






बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों के राष्ट्रीय संघ (परिवार) एवं तेलंगाना अभिभावक संघ श्री कोप्पुला ईश्वर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावकों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी संस्थापक श्री पंकज जी मारू ने दी कार्यशाला के पश्चात राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान सिकंदराबाद का दौरा कर वहा की गतिविधियों को देखा और संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों को समझकर बौद्धिक दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत संस्थाओं के साथ साँझा कर लागु करने की दिशा में अधिकारीयों से चर्चा की।



## Meeting with Hans Foundation for Sponsorship of Niramaya





माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ. थावर चंद गहलोतजी और हांस फाउंडेशन एवं नैशनल स्ट्रैटेजी फॉर इनक्लूसिव एंड कम्युनिटी आधारित लिविंग फॉर पर्सन्स फॉर मेंटल हेल्थ इश्यूज के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की । चर्चा में हंस फाउंडेशन द्वारा बौद्धिक दिव्यांगजनों के लिए सामुदायिक आधारित पुनर्वास एवं आवासीय सुविधा को स्थापित करने के लिए अगले 3 वर्षों में 75 करोड़ की निधि को केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से खर्च करने के लिए अनुबंध किया । गौरतलब है की इस अनुबंध से देश भर के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में मदद मिलेगी | केंद्र सरकार और हंस फाउंडेशन के बिच किये गये करार को मूर्त रूप देने में संस्थापक श्री पंकज मारू जी ने मुख्य भूमिका निभाई |



- केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम भारतीय पुनर्वास परिषद की 81 वी कार्यकारिणी सभा की बैठक में शामिल होकर दिव्यांगजनों के पुनर्वास कार्यक्रमों के संचालन हेतु मानव संसाधन विकास के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की |







राष्ट्रीय बहुदिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान चेन्नई एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संस्था स्नेह द्वारा लर्निंग डिसेबिलिटी का आंकलन, निदान एवं हस्तक्षेप की तकनिकी जानकारियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत जी के कर कमलो से हुआ कार्यशाला में देशभर के 100 पुनर्वास कार्यकर्ताओं को देश के प्रसिद्ध विशेषज्ञों श्री एस. नवीन कुमार, कर्नल डॉ. वी. के. गौतम, श्री पंकज मारू, श्रीमती वीणा बासु, डॉ. नैना क्रिश्चियन, डॉ. वंदना पाटिल, डॉ. मेघना कश्यप, प्रगति पांडये द्वारा लर्निंग डिसेबिलिटी के साथ कार्य करने में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों, परामर्श एवं निदान, अभिभावक एवं परिवार की भूमिका, अधिनियम एवं नीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की | गौरतलब है की इस कार्यशाला के लिए देश से 250 पुनर्वास कार्यकर्ताओं ने ऑनलाइन आवेदन कर इस विषय पर असाइनमेंट भेजे थे जिसके आधार पर 100 पुनर्वास कार्यकर्ताओं का चयन किया गया था | प्रतिभागियों ने दिव्यांगता के क्षेत्र में नवीन विषय पर आयोजित इस निशुल्क कार्यशाला में शामिल किये जाने पर स्नेह के संस्थापक पंकज मारू का आभार व्यक्त किया | समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण – पत्र वितरित किये गये |







## Honour By President of LCIF

दिव्यांगों के पुनर्वास हेतु राष्ट्रव्यापी स्तर पर लायंस क्लब अंतरराष्ट्रीय के सदस्य के रूप में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं उनके अभिभावकों को लाभान्वित करने पर लायंस क्लब अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन दिल्ली में पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन नरेश अग्रवाल जी ने प्रदान किया।






स्नेह के बच्चों के साथ संस्था के प्रबंध समिति सदस्यों एवं स्टाफ ने होलिका उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

## National Divyang Marriage Programme Ujjain




सामूहिक विवाह सम्मलेन में 122 दिव्यांग जोड़ों का विवाह उज्जैन के मेघदूत गार्डन में सम्पन्न विवाह सम्मलेन में 5 विश्व रिकार्ड स्थापित कर गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकोर्ड में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को सुनहरे अक्षरों में अंकित किया।



दो दिवसीय सामूहिक दिव्यांग विवाह एवं निकाह समारोह का शुभारम्भ उज्जैन के मेघदूत रिसोर्ट में 11 मार्च को हुआ | भव्य स्वरूप में आयोजित इस समारोह में 122 दिव्यांग जोड़ों का विवाह एवं निकाह एक ही मंडप में संपन्न हुआ | कार्यक्रम में शामिल महमानों एवं दिव्यांग जोड़ों का स्वागत करते स्नेह की टीम |







विवाह संपन्न होने पर दिव्यांग नव दम्पतियों को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री करण कुमारिया, स्नेह के परियोजना अधिकारी महेशचंद्र राठौर एवं आनंदक साथियों के साथ उपहार भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की |



## Eye of Media

# स्नेह देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित





नागदा जं. निप्र। लायंस ऑफ नागदा की स्थाई परियोजना एवं बौद्धिक दिव्याांगों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह को दिव्यान्गजनों के लिए सतत कार्य करने पर देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संस्थापक पंकज मारू ने बताया कि विश्व दिव्यांग जन दिवस को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने स्नेह की निदेशक डॉक्टर नैना क्रिश्चियन मचार को प्रशस्ति पत्र एवम् दो लाख रुपए की सम्मान निधि से सम्मानित किया। देश भर की 300 से अधिक संस्थाओं में स्नेह को यह पुरस्कार मिला है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. थावरचंद गेहलोत, राज्य मंत्रीगण कृष्णपाल गुर्जर, रामदास आठवले, रतनलाल कटारिया, दिव्यांग जन विभाग की सचिव शकुंतला गेमलीन एवम् उप महानिदेशक किशोर बाबूराव सौंवणें मंचासीन थे। इस अवसर पर पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा भी राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें बधाई प्रेषित की।

शहर के नाम को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली स्नेह की इस उपलब्धि पर समारोह में शिरकत करने विनयराज शर्मा, अजय गरवाल, सतीश बजाज, अशोक बिसानी, घनश्याम राठी, कमलेश नागदा, कृष्णकांत गुप्ता, राकेश डाबी, शरद जैन, मनीष चपलोत, मनीष धाकड़, महेश चन्द राठौर, चन्दन सिंह, प्रेमसिंह मचार, हेनरी मचार, रजनीश जायसवाल, हर्षद केला, धीरज बाफना आदि भी उपस्थित थे।

---

दैनिक भास्कर | 08-Jul-2019 | null Page 2

## नागदा सिटी

सूर्यास्त (सोमवार) 7.10 बजे | सूर्योदय (मंगलवार) 5.52 बजे

दैनिक भास्कर, उज्जैन, सोमवार, 08 जुलाई, 2019 | 2

# देश के सात करोड़ दिव्यांगों का जीवन सरल बनाने के लिए शहर में बन रही वेबसाइट, विवाह पंजीयन व नौकरी के लिए भी अप्लाय कर सकेंगे

मारू ने 1 लाख खर्च कर जयपुर से इंटर्नशिप कर रही शहर की 20 वर्षीय ओजस्वी से बनवाई वेबसाइट, तीन महीने में डाटा अपलोड होने के बाद होगी शुरू

**संडे पॉजिटिव**

### दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं से अपलोड कराएंगे डाटा, बात अभी कर रहे



वेबसाइट के लिए काम करते मारू।

### वैवाहिक और नौकरी के लिए बनाना होगा अकाउंट

### 2016 में मिली 21 तरह की दिव्यांगता को मान्यता

### वेबसाइट पर और ये भी : सक्सेस स्टोरी से मिलेगी सकारात्मकता

---

# निःशक्तजनों के लिए 44 अफसरों व 47 प्रतिनिधियों ने योजनाओं पर मंथन किया

राष्ट्रीय न्यास की राज्य स्तरीय कार्यशाला में योजनाओं की दी जानकारी



नवनीत कुमार ने राष्ट्रीय न्यास की योजनाओं की जानकारी दी।

---

# कारगिल विजय दिवस पर दी श्रद्धांजलि



---

**अच्छी पहल :** बेटी के विवाह में आयोजित महिला संगीत में दिव्यांग बच्चों को किया आमंत्रित, इनका नृत्य देखकर मेहमान हुए दंग



---

# शिविर में 152 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों का हुआ परीक्षण

15.60 लाख की लागत के निःशुल्क सहायक उपकरण होंगे वितरित, आज खाचरौद में परीक्षण शिविर





### इन सामग्रियों का होगा निःशुल्क वितरण

### हितग्राहियों का होगा परीक्षण

### इनका रहा सहयोग

---

# पांच राज्यों के पुनर्वास विशेषज्ञों ने देखा सुगम्य महाकाल मंदिर व समावेशी अटल अनुभूति उद्यान





### स्नेह संस्था की रीजनल कार्यशाला के तहत संपन्न हुआ शैक्षणिक टूर



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नागदा. राष्ट्रीय बहुदिव्यांग सशक्तीकरण संस्थान चेन्नई, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग भारत सरकार एवं भारतीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में लायंस ऑफ नागदा की स्थायी परियोजना व दिव्यांगजनों के संपूर्ण पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह द्वारा आयोजित रीजनल कार्यशाला का समापन उज्जैन स्थित समावेश पार्क अटल अनुभूति उद्यान में हुआ।

कार्यशाला में दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत पांच प्रदेशों के सौ प्रतिभागियों के साथ सामान्य स्कूलों के शिक्षकों व दिव्यांगजनों के अभिभावकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्नेह संस्था के संस्थापक पंकज मारू ने बताया कि आयोजन में समावेशी शिक्षा एवं सुगम्यता विषय पर देश के ख्यातिमान विशेषज्ञों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के गुर सिखाये। कार्यशाला के अंतिम दिन महाकालेश्वर मंदिर एवं समावेशी पार्क अटल अनुभूति उद्यान का भ्रमण प्रशिक्षणार्थियों को करवा कर सुगम्यता के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया।

प्रशिक्षण समाप्ति पर सभी को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। एडीएम अवधेश शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक सीएम पंथारी, उज्जैन विकास प्राधिकरण के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर एचएस पाटीदार, राष्ट्रीय न्यास के बोर्ड सदस्य अभय दुबे, पूजा पटेल, सुगम्य अंकेक्षक सुदीप गोयल, शैलेंद्र जैन, महेशचंद्र राठौर आदि मौजूद थे।

संचालन संस्था सचिव विनयराज शर्मा ने किया। आभार स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन मचार ने माना।

---

dainikbhaskar.com

दैनिक भास्कर, उज्जैन, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2019

**विशेष बच्चों के कलात्मक दीये पेकिंग में नवाचार...** दीपावली पर कलात्मक दीयों की मांग इस बार भी

# कोरियर में दीये टूटने की शिकायत मिलने पर इस बार मोबाइल के वेस्ट बॉक्स में किए पेकिंग, 51 हजार से ज्यादा दीयों की बिक्री से डेढ़ लाख का फायदा



बच्चों द्वारा तैयार किए गए दीये। इनसेट मोबाइल के बॉक्स में की गई पैकिंग।

**सबसे ज्यादा मध्यप्रदेश में बिक्री**

| राज्य | दीये भेजे | राज्य | दीये भेजे |
|---|---|---|---|
| गुजरात | 4250 | छत्तीसगढ़ | 143 |
| महाराष्ट्र | 1421 | उत्तराखंड | 33 |
| तेलंगाना | 330 | हिमाचल | 110 |
| तमिलनाडु | 22 | हरियाणा | 33 |
| कर्नाटक | 11 | विदेशों में | |
| मध्यप्रदेश | 42493 | दुबई | 121 |
| दिल्ली | 400 | अमेरिका | 101 |
| राजस्थान | 22 | | |

(नोट- शेष दीयों की बिक्री और होना है)

**अफसरों के बंगले, मंत्रालय में जगमगाएंगे दीये**

**100 बच्चों को 24 को देंगे उपहार-**

---

# स्नेह के 12 दिव्यांग बच्चों का किया सम्मान

भारतीय जीवन बीमा निगम ने सामाजिक दायित्व निर्वहन कार्यक्रम आयोजित किया

### इनका हुआ सम्मान



कार्यक्रम में सम्मानित दिव्यांग बच्चे व अतिथि।

---

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करेंगे मारू



नागदा जं. (निप्र)। लायंस ऑफ नागदा की स्थाई परियोजना एवं बौद्धिक दिव्यांगों के सशक्तिकरण एवं पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह के संस्थापक पंकज मारू को देश के ख्यातिमान काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग ने दिव्यांगजनों की पारिवारिक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में संबोधित करने हेतु आमंत्रित किया है।

स्नेह के सचिव विनयराज शर्मा ने बताया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के समता भवन में रविवार को कुलपति प्रोफेसर डॉ टीएन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हो रही। इस कार्यशाला में पूर्व मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. के के पांडे सहित देश के अनेक ख्यातिमान विषय विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे है। मारू दिव्यान्जनों हेतु केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन को किस प्रकार बेहतर बनाया जा सकता है इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

राज्य स्तरीय दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज उज्जैन में

## संस्था स्नेह के प्रयासों से बने सबसे अधिक जोड़े, नया विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

नागदा।

**जिलाधीश महोदय शशांक मिश्र की पहल पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना एवं दिव्यांगजन विवाह योजना के तहत सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग उज्जैन एवं दिव्यांग जनों के पुनर्वास हेतु कार्यरत जिले की समस्त संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्तरीय दिव्यांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 12 फरवरी को उज्जैन के विक्रम कीर्ति मंदिर में होने जा रहा है।**

स्नेह संस्थापक एवं इस आयोजन में प्रमुख भूमिका निभा रहे पंकज मारू ने बताया कि अभी तक जिले की हर जनपद स्तर पर दो बार परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा चुका है जिनमें कुल 87 जोड़े विवाह हेतु तैयार हो चुके है। 7 मार्च 2017 को उज्जैन में ही संपन्न राष्ट्रीय सामूहिक दिव्यांग विवाह समारोह में 102 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था। इस बार उम्मीद है कि उज्जैन में बना यह रिकॉर्ड उज्जैन में ही तोड़कर नया रिकॉर्ड बनाया जायेगा। इस हेतु प्रशासनिक स्तर पर भी अपर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी एवं सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक सी एल पंवारी के निर्देशन में जोरों से तैयारियां की जा रही है। उल्लेखनीय बात यह है कि अभी तक के परिचय सम्मेलनों में बने 87 जोड़ो में सर्वाधिक जोड़े नागदा खाचरौद के परिचय सम्मेलनों में ही बने है। प्रथम चरण में बने 69 जोड़ो में 19 जोड़े एवं द्वितीय चरण में बने 18 जोड़ों में 5 जोड़े अर्थात कुल बने 87 जोड़ों में 24 जोड़े यहीं बने है जिसमें संस्था स्नेह ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी 7 कल होने वाले परिचय सम्मेलन का भी प्रचार प्रसार स्नेह द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किया गया एवं काउन्सलिंग के माध्यम से प्रदेश भर के अभी तक लगभग 20 जोड़े तैयार किये जा चुके है जो आज के समारोह में शिरकत करेंगे।

### यह मिलेगा लाभ

केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत विवाह हेतु चयनित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 48000/- रूपये एवं पात्रता अनुसार दिव्यांगजन विवाह योजना एवं अंतरजातीय विवाह योजना के तहत रूपये 4.50 लाख तक की राशि नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

### यह दस्तावेज लेकर आना अनिवार्य हैं

परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी) आधार कार्ड, वोटर आई डी कार्ड, मूलनिवासी प्रमाण पत्र, राशनकार्ड, समग्र आई डी एवं दिव्यांगता वाला पासपोर्ट फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा।

### इन्होंने की अपील

स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन मचार, लायन गोविन्द मोहता, लायन विनयराज शर्मा, पंकज पावेचा, रवि कांठेड, सुरेन्द्र सिंह चौहान, विजय पोरवाल, महेशचन्द राठौर ने कार्यक्रम में विवाह योग्य दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक संख्या में परिचय सम्मेलन शिरकत कर सफल बनाने की अपील की हैं।

---

dainikbhaskar.com

दैनिक भास्कर, उज्जैन, [illegible] 22 अगस्त, 2019

पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर एनएचएफडीसी योजना शुरू की

## शहर के तीन दिव्यांगों को कार दी, सबकुछ ठीक रहा तो तीन महीने बाद देश के सात करोड़ दिव्यांगजन को मिलेगा लाभ

न्यूनतम ब्याज दर पर दिए वाहन, इंदौर की संस्था सखा से जुड़ी महिला चालक चलाएंगी कार, इसकी किस्त संस्था चुकाएगी

भास्कर संवाददाता | नागदा


शहर के दिव्यांगों को इंदौर में कार की चाबियां दीं।

देश के सात करोड़ दिव्यांगजन को रोजगार से जोड़ने के लिए केंद्रीय सामाजिक न्याय विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने एनएचएफडीसी (नेशनल हैंडिकैप फाइनेंस डेवलप कॉर्पोरेशन) योजना में सड़क परिवहन को भी शामिल किया है। इसमें दिव्यांगजन को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण पर कार मिलेगी। योजना को नागदा के तीन दिव्यांगजन सपना पिता, राधी देवलेनिया व विक्रमसिंह चौहान को योजना में कार दी है। खास बात यह है कि कार संचालन, किस्त से लेकर दिव्यांगजनों की मासिक आय निकालने के लिए सरकार ने इंदौर की संस्था सखा से अनुबंध किया है। संस्था की महिला चालक कार चलाएंगी। कार लोन की किस्त भी यही संस्था जमा करेगी और मासिक आय के 2500 रु. भी संबंधित दिव्यांगजन को देगी। संस्था स्नेह के संस्थापक पंकज मारू ने बताया राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त विकास निगम अध्यक्ष प्रबंध निदेशक राजन सहगल की पहल पर फिलहाल योजना पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की है। तीन महीने में इसके अच्छे परिणाम आए तो इसे देशभर में लागू किया जाएगा। इस उपलब्धि में राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त विकास निगम के डॉ. विनित राणा, आर.पी. दुबे, हेमी मचार, स्नेह की निदेशक डॉ. नैना क्रिश्चियन मचार, महेशचंद राठौर का योगदान है।

### महिला के लिए 4, पुरुष के लिए 5 प्रतिशत ब्याज दर

मारू के मुताबिक 2014 से पहले इस योजना में 5 लाख रुपए तक लोन मिलता था। 2014 में थावरचंद गेहलोत के केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बनने के बाद यह राशि बढ़कर 25 लाख की गई है। इस पर महिला के लिए 4 और पुरुष के लिए 5 प्रतिशत ब्याज दर है। यानी कोई दिव्यांगजन किसी रोजगार के लिए बड़ी से बड़ी राशि भी लेगा तो उसकी ब्याज दर सिर्फ इतनी ही रहेगी। इस योजना में ट्रांसपोर्टेशन को अभी शामिल नहीं किया गया है।

### उद्देश्य ये भी... ताकि देश में महिलाएं सुरक्षित हो

योजना लागू करने का उद्देश्य महिला सुरक्षा को बढ़ावा देना भी है। सरकार इन कार के लिए महिला चालकों की ही नियुक्ति करेगी। इसमें महिला को रोजगार मिलेगा। साथ ही टैक्सी में सफर करने वाली सभी महिलाओं को सुरक्षा भी मिलेगी।

---

## स्नेह से की गई सेवा ही ईश्वर का साक्षात्कार कराती है : आचार्य पाराशर

मेधावी विद्यार्थियों एवं दानदाता को किया सम्मानित



---

## पंकज मारू आस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय प्रतिनिधि मंडल में चयनित



नागदा। लायंस क्लब ऑफ नागदा की स्थाई परियोजना एवं बौद्धिक दिव्यांगजनों के स्वावलंबन एवं पुनर्वास हेतु कार्यरत संस्था स्नेह के संस्थापक पंकज मारू का चयन आस्ट्रेलिया की विश्वविख्यात मेलबोर्न यूनिवर्सिटी में समुदाय आधारित समावेशी विकास पर सह डिजाईन पाठ्यक्रम कार्यशाला हेतु भारत सरकार द्वारा किया गया है।

स्नेह के सचिव लायन विनयराज शर्मा ने बताया कि विगत दिनों भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं आस्ट्रेलिया की मेलबोर्न यूनिवर्सिटी के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया था जिसके तहत दोनों देशो ने दिव्यांगता के विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक रूप से कार्य करने पर सहमती जताई थी। इसी के तहत 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मेलबोर्न में दोनों देशो के प्रतिनिधि मंडल समुदाय आधारित समावेशी विकास पर को डिजाईन पाठ्यक्रम कार्यशाला में शिरकत करेंगे। पांच सदस्यीय इस प्रतिनिधि मंडल में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विषय विशेषज्ञ भारतीय पुनर्वास परिषद के सदस्य सचिव डॉ सुबोध कुमार के नेतृत्व में भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु 10 अप्रेल को दिल्ली से मेलबोर्न रवाना होंगे। मारू के इस चयन पर स्नेह के गोविन्द मोहता, पंकज पावेचा, विजय पोरवाल, रवि कांठेड, सुरेन्द्रसिंह चौहान, नैना क्रिश्चियन मचार, घनश्याम राठी, सौरभ मोहता, कमलेश नागदा, सतीश बजाज, अजय गरवाल, हरीश तिवारी, अरविन्द नाहर, गुलजारीलाल त्रिवेदी, अशोक बिसानी, झमक राठी, राजेश मोहता, निर्मल दलाल, सुशील मोदी, संजय तिवारी, कृष्णकांत गुप्ता, अशोक पोरवाल, सलीम खान, शशांक सेठिया, पवन पोरवाल, प्रकाश राठी, विजय जायसवाल, महेश पंजाबी, अशोक सकलेचा, रवि शर्मा आदि ने बधाई प्रेषित की है।

---

राज एक्सप्रेस **नागदा/महिदपुर**

देश के दिव्यांगों को लंदन और जर्मनी की तकनीकी का लाभ मिलेगा

## दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ



---

## ...ट्रीय पुरस्कार के प्रमाण पत्र की प्रति बांटकर संस्था के सभी सदस्यों का किया सम्मान


समारोह में संस्था के सदस्यों को किया गया सम्मानित। • नईदुनिया

---



## नागदा : समुदाय आधारित समावेशी विकास पाठ्यक्रम डिजाइन करने पर मारू सम्मानित

नागदा। भारतीय पुनर्वास परिषद एवम् ऑस्ट्रेलिया की सर्वोत्तम मेलबोर्न विश्वविद्यालय के संयुक्त प्रयासों से देश के 2.68 करोड़ दिव्यांगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व प्रयासों को अमली जामा पहनाने का कार्य अपने अंतिम चरण में है।

आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की तर्ज पर दिव्यांग जनों के पुनर्वास हेतु देश में पहली बार कम्युनिटी बेस्ड समुदाय आधारित समावेशी विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से मानव संसाधन तैयार करने हेतु पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम को तैयार करने हेतु चयनित देश के 18 विशेषज्ञों की टीम में संस्था स्नेह के संस्थापक पंकज मारू के सराहनीय योगदान हेतु उन्हें दिल्ली में विभाग की सचिव आई ए एस शकुन्तला डी गैमलिन, संयुक्त सचिव तारिका रॉय, तथा भारतीय पुनर्वास परिषद के सदस्य सचिव डॉक्टर सुबोध कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस हेतु अप्रैल माह में मेलबोर्न भेजे गए 5 सदस्यीय भारतीय दल में भी मारू शामिल थे। 6 दिवसीय पाठ्यक्रम डिजाइन कार्यशाला से लौटकर मारू ने बताया कि 6 माह के इस कोर्स में कक्षा 10 वी पास विद्यार्थी को प्रवेश मिलेगा जिसे 2 माह का सैद्धांतिक एवम् 4 माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफल प्रशिक्षणार्थियों को पहले जिला स्तर पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र एवम् बाद में देश के हर ब्लॉक स्तर पर भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव है। 2020 से यह पाठ्यक्रम पूरे देश में लागू किया जाएगा। मारू की इस उपलब्धि पर विनय राज शर्मा, अजय गरवाल, पंकज पावेचा, महेश पंजाबी, रवि कांठेड, गोविंद मोहता, विजय पोरवाल, सुरेन्द्र सिंह चौहान, डॉक्टर नैना क्रिश्चियन मचार, अशोक बिसानी, झमक राठी, सुरिंदर सिंह नेगी, कृष्णकांत गुप्ता, प्रकाश राठी, एस एन जायसवाल, कमलेश नागदा, सलीम खान आदि ने बधाई प्रेषित की है।

---

## पहले त्योहार का महत्व समझा फिर स्नेह के बच्चों ने फोड़ी दही हांडी



संस्था स्नेह में गुरुवार को जन्माष्टमी का पर्व डॉ. नैना क्रिश्चियन मचार के मार्गदर्शन में मनाया गया। आयोजन बौद्धिक दिव्यांगजनों को त्योहारों का महत्व समझाने के लिए आयोजित किया गया। दही हांडी फोड़ में विशेष बच्चों ने हिस्सा लेकर मटकी को फोड़ा। बच्चों को साबूदाने की खिचड़ी, चॉकलेट व उपहार का वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थापक पंकज मारू, महेशचंद्र राठौर, रमेश सिलावट, रंजिता तंवर, मनीष जोनवाल, सुनील गौतम, देवकुंवर चौहान, मोहनसिंह शर्मा आदि मौजूद थे।

---



## स्थापना दिवस पर गणवेश व शिक्षण सामग्री वितरित

---

## लायंस ग्रेटर ने अतिवृष्टि प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की



---

**विशेष बच्चों का प्रयास** • देश के विभिन्न राज्यों सहित विदेशों में भी पहुंचे के हाथों से बने कलात्मक दीपक

## अंतिम दो दिन घर-घर जाकर बेचे 4400, कुल 50 हजार दीयों की बिक्री से डेढ़ लाख का मुनाफा, 125 बच्चों और 35 प्रशिक्षकों को बांटे पुरस्कार

भास्कर संवाददाता | नागदा


कार्यक्रम में मौजूद विशेष बच्चे व उनके अभिभावकों को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए।

---

दैनिक भास्कर

# नागदा सिटी

dainikbhaskar.com

दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन

## सामाजिक न्याय विभाग मेरे पास सिर्फ साढ़े पांच साल से, संस्था स्नेह 10 साल से दिव्यांगों की बेहतरी के लिए काम कर रही, मैं भी मार्गदर्शन लेता हूं -मंत्री गेहलोत

केंद्रीय मंत्री से सम्मानजनक वाणी सुन संस्था संस्थापक मारू हाथ जोड़कर झुक गए, विभाग के संयुक्त सचिव, सीबीएम के प्रोजेक्ट हेड ने ताली बजाकर किया अभिवादन

भास्कर संवाददाता | नागदा



### मुश्किल है सेल्फ एडवोकेट्स बनना -मारू

### साथी के जरिए स्वावलंबन बनना आज अच्छा लगता है -अदिति

**आज होगा मतदान–**